नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, गुरुवार, 8 जून 2017

# नकली मार्क लगाकर बेच रहे थे पानी

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की फरीदाबाद टीम ने बहादुरगढ़ में एक बोतल बंद पानी बेचने वाली कंपनी पर छापा मारा है। इस दौरान भारी संख्या नकली आईएसआई मार्क लगी बोलते बरामद की गई है। बीएसआई प्रमुख सुनील कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ स्थित बाबा जी इंटरप्राइसिज कंपनी के मालिक अरविंदा कुमार के खिलाफ सिटी पुलिस स्टेशन, झज्जर में शिकायत दर्ज कराई गई है।



भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद की टीम ने बहादुरगढ़ में की छापेमारी

दैनिक भास्कर, गुरुवार 08 जून, 2017 | 3

# नकली आईएसआई मार्क लगाकर पानी बेचने वाली कंपनी पर मारा छापा

फरीदाबाद| भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की फरीदाबाद टीम ने बहादुरगढ़ में एक बोतल बंद पानी बेचने वाली कंपनी पर छापा मारा। इस दौरान भारी संख्या में नकली आईएसआई मार्क लगी बोतलें बरामद की गईं। टीम ने बिना लाइसेंस लिए बीआईएस मुहर को गलत तरीके से इस्तेमाल करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बीएसआई को कई दिन से बहादुरगढ़ स्थित बाबा जी इंटरप्राइजेज के खिलाफ आईएसआई मार्क लगाकर पानी बेचने की शिकायतें मिल रही थीं। इस शिकायत के आधार पर बीएसआई प्रमुख सुनील कुमार ने बताया कि कंपनी में छापा मारकर भारी संख्या में एक लीटर की पैक बोतलों व पीपी गिलास पर आईएसआई मार्क का दुरूपयोग करती पाई गई। फर्म के मालिक अरविंद कुमार के खिलाफ सिटी पुलिस स्टेशन, जिला झज्जर में शिकायत दर्ज कराई गई है। सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो से बिना लाइसेंस के आईएसआई मार्क लगाकर जो भी कोई उत्पाद बना या बेच रहा है, उस पर भी जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।